# **प्रेस नोट दिनांक-19.10.2025**

**थाना धीना जनपद चन्दौली**

🔷 **थाना धीना पुलिस टीम द्वारा एक अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार।**

🔷 **गिरफ्तार तस्कर के कब्जे से अंग्रेजी शराब कम्पनी 8 PM स्पेशल BLEND OF SCOTCH & IMDIAN GRAIN WHISKY मात्रा 180 ML की कुल 144 पाउच बरामद।**

**चन्दौली-** पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे द्वारा शराब तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.) तथा क्षेत्राधिकारी सकलडीहा स्नेहा तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धीना भूपेन्द्र कुमार निषाद के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर दिनांक 19.10.2025 समय 10.00 बजे रेलवे स्टेशन धीना के फूट ओवर ब्रिज के कोने में शराब ले जाते समय 01 अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे सें अंग्रेजी शराब कम्पनी 8 PM स्पेशल BLEND OF SCOTCH & IMDIAN GRAIN WHISKY मात्रा 180 ML की कुल 144 पाउच बरामद की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत 17500/- रूपये आंकी गयी है।
गिरफ्तार किये गये अभियुक्त की पहचान मिथिलेश कुमार उर्फ बन्टी पुत्र बीरेन्द्र राम निवासी ग्राम पंचायत करंज पोस्ट जिगना थाना दिनारा जनपद राहतास बिहार उम्र करीब 24 वर्ष के रुप मे हुई हैं।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह उत्तर प्रदेश के दुकानों से शराब खरीदकर अधिक लाभ कमाने के लिये ट्रेनो से शराब बिहार ले जाकर ऊँचे दामो मे बेचकर मुनाफा कमाते हैं।
बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 107/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना धीना चन्दौली का अभियोग पंजीकृत कर बिधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग-**
मु.अ.सं.-107/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना धीना चन्दौली।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**
1.मिथिलेश कुमार उर्फ बन्टी पुत्र बीरेन्द्र राम निवासी ग्राम पंचायत करंज पोस्ट जिगना थाना दिनारा जनपद राहतास बिहार उम्र करीब 24 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**
अंग्रेजी शराब कम्पनी 8PM स्पेशल BLEND OF SCOTCH & IMDIAN GRAIN WHISKY मात्रा 180 ML

कुल मात्रा–144 पाउच अंग्रेजी शराब
(अनुमानित कीमत 17500/- रुपये )

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार निषाद थानाध्यक्ष धीना जनपद चन्दौली
2. उ0नि0 प्रेमनारायण यादव थाना धीना जनपद चन्दौली
3. का0 अनुराग सिंह थाना धीना जनपद चन्दौली